

"अक्षय तृतीया पुण्या सर्वकार्येषु सर्वदा।
कृतं दानं जपः होमः अक्षयं फलदं भवेत्॥"
-- मंगलकामनाएं --



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के बड़ा गणपति चौराहे पर परशुराम जयंती समारोह में शामिल होकर भगवान परशुराम का माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित परशुराम जयंती समारोह में पूर्व विधायक और कवि श्री सत्यनारायण सत्तन को सम्मानित किया।


सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 273 | इंदौर, सोमवार 20 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


उज्जैन में सीएम सामूहिक कन्या विवाह में शामिल हुए

## 112 नवविवाहित जोड़ों को दी टू-व्हीलर, 18 करोड़ की लागत से बनी कोठी रोड का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को उज्जैन दौरे पर रहे। सबसे पहले उन्होंने 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इस विश्राम गृह में कार्यालय कक्ष, जनता से मिलने के लिए हॉल और पायलट के लिए कक्ष बनाए गए हैं।**

यह हेलीपैड उज्जैन सिंहस्थ 2028 में अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता की सुविधा के लिए तैयार किया गया है। इसी तरह रात को सीएम ने 18 करोड़ रुपए की लागत से बनी कोठी रोड का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के अवसर पर सिंहस्थ 2028 के पहले कार्य का लोकार्पण करते हुए कहा कि उज्जैन सिंहस्थ में दुनिया हमारे सनातन वैभव को देखेगी।

### सीएम सामूहिक कन्या विवाह में शामिल हुए

इसके बाद सीएम सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर नवविवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) दी। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर बने मंडप में पहुंचे और सभी नवदंपतियों को व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया तथा पुष्पवर्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि



सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में कुल 112 जोड़ों (100 विवाह और 12 निकाह) का आयोजन किया गया। प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। सीएम यादव ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर उज्जैन सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर आरती की। सीएम यादव ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर उज्जैन सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर आरती की। नगर निगम द्वारा इस कार्यक्रम को 'जीरो वेस्ट इवेंट' के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

### देवास रोड पर नई सड़क का लोकार्पण

शाम 5 बजे मुख्यमंत्री देवास रोड पर कोठी रोड से विक्रम नगर तक बनी नई कनेक्टिविटी सड़क का लोकार्पण करेंगे। यह सड़क करीब 2100 मीटर लंबी और 18 से 24 मीटर चौड़ी है।

### 18 करोड़ की लागत से बना मार्ग

सड़क निर्माण पर करीब 18 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। मार्ग पर डिवाइडर, पाथवे और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली हैं।

### उज्जैन को 58 करोड़ की सौगात

1. सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए 7 बड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।
2. हरसिद्धि पाल–रामघाट मार्ग चौड़ीकरण (21 करोड़)।
3. महाकाल लोक में शेड निर्माण (13.30 करोड़)।
4. नीलगंगा व सोलह सागर पुनर्जीवन।
5. कालिदास उद्यान विकास।
6. विक्रम कीर्ति संग्रहालय व सभागार उन्नयन।

विकास कार्य नगर निगम के द्वारा किया गया है। लगभग 02 कि.मी. लंबा यह मार्ग देवास रोड़ से कोठी लिंक रोड़ होता हुआ विक्रम नगर की तरफ मिलेगा। यहां पर मार्ग के बीच में और दोनों तरफ पौधारोपण और आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। साथ ही मार्ग के दोनों तरफ सुबह और शाम की पैदल सैर करने के लिए पेवर ब्लाक भी बनाए गए हैं। इससे सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यातायात भी सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होगा। इस मार्ग से जिला न्यायालय परिसर और अन्य प्रमुख कार्यालयों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। जिससे आमजन को सुविधा होगी। मार्ग में प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था भी की गई है। लोकार्पण के दौरान वेद पाठी बटुकों के द्वारा मंत्रोच्चार और स्वस्ती वाचन किया गया। साथ ही कलापथक दल के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई और झांझ मंजिरे और डमरू वादन भी किया गया।

छतरपुर में भीषण अग्निकांड

## आग में जलकर राख हो गया नमकीन गोदाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। छतरपुर शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फिरंगी पछाड़ इलाके में स्थित लक्ष्मी मंदिर के पीछे एक नमकीन गोदाम में रविवार रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा गोदाम उसकी चपेट में आ गया।**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में करीब 50 लाख से 70 लाख रुपए तक के नुकसान का अनुमान है। गोदाम राकेश नामदेव का बताया जा रहा है, जिसमें भारी मात्रा में नमकीन और अन्य सामग्री रखी हुई थी। आग लगते ही क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बिना संसाधनों के अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और काफी देर तक हालात को संभालने में जुटे रहे। रहवासियों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। इतना ही नहीं, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड का टैंकर भी आधा भरा हुआ था, जिससे आग पर काबू पाने में दिक्कत हुई। पानी खत्म होने के बाद फायर वाहन वापस लौट गया और लंबे समय तक वापस नहीं आया, जिससे आग और भड़क गई।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

● सभी की उम्र 1 से 11 साल थी, पत्नी को भी गोली मारी, हालत गंभीर

**लुइसियाना, (एजेंसी)** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। CNN के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम



शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडॉन प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलॉन स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया।

श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# अक्षय तृतीया पर हजारों शादियां

## शोभायात्राओं से रोशन हुआ शहर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दो दिन आखातीज का अबूझ मुहूर्त होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं के घर बस रहे हैं। विवाह समारोह वाले घरों में सुबह से बैंडबाजे बजने लगे हैं। दो दिन के लिए शहर के मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं, सामुदायिक भवन सभी बुक हैं। अक्षय तृतीया को चार प्रमुख अक्षय मुहूर्त में स्थान प्राप्त है। इस दिन किए गए शुभकार्य का कभी क्षय नहीं होता, ऐसी मान्यता है।

हिंदू धर्म शास्त्र और भारतीय काल गणना में अक्षय तृतीया को सबसे शुभ दिन माना जाता है। आज और कल यह पर्व पूरे उल्लास व परंपरा के साथ मनाया जाएगा। हजारों लग्न तो लगेंगे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अगली फसल के लिए अपने खेतों में पारंपरिक रूप से भूमिपूजन कर रहे हैं। इस पर्व की महत्ता को देखते हुए पूरे अंचल में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिला राजपूत समाज द्वारा 73 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह आज कांकरिया बोड़िया हातोद में हुआ। संस्था हर्ष द्वारा 25 जोड़ों का निःशुल्क सर्वसमाज सामूहिक विवाह बाणगंगा स्थित बाणेश्वर कुंड में, वहीं संस्था आनंद द्वारा सर्व समाज के 11 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह अरबिंदो हॉस्पिटल टोल नाका के पास मिष्टी पैलेस गार्डन में कराया गया। इसके अलावा विभिन्न संगठनों द्वारा भी वैवाहिक समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

### बाजारों में सुबह से ही रही रौनक

आज सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया पर जो खरीदी की जाती है, वह अक्षय रहती है। सोना और चांदी हमारी लोकप्रिय परंपरा, जो समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है, इसे बड़ी संख्या में खरीदा जाता है, वहीं भगवान विष्णु को प्रिय जौ, माता लक्ष्मी को प्रिय पीली कौड़ी, मिट्टी के बर्तन घड़े, सेंधा नमक, प्रापर्टी, नए वस्त्र और वाहन भी शहर में बड़ी संख्या में खरीदे गए।

### लिवर का हिस्सा दान कर बचाई जान

## 5 साल के मिहिर को मां ने दी नई जिंदगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे है। इस मौके पर इंदौर में भावुक और प्रेरणादायी कार्यक्रम जीवन का उत्सव आयोजित किया गया। 'लिवर से गुफ्तगू एक कप कॉफी के साथ' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में वे लोग शामिल हुए, जिन्होंने लिवर ट्रांसप्लांट के जरिए नई जिंदगी पाई और वे निःस्वार्थ दानदाता (डोनेटर्स) जिन्होंने अंगदान कर दूसरों को जीवनदान दिया।**

इस साल की थीम "Solid Habits, Strong Liver" (मजबूत आदतें, स्वस्थ लिवर) पर केंद्रित रही। लिवर विशेषज्ञ डॉ. अजय के जैन ने बताया कि खराब खानपान, अनियमित दिनचर्या और शराब के बढ़ते सेवन से लिवर की बीमारियां महामारी की तरह फैल रही हैं। जब लिवर पूरी तरह काम करना बंद कर देता है, तब ट्रांसप्लांट ही एकमात्र रास्ता बचता है। डॉ. सुधांशु यादव ने जोर दिया कि जब लोग डोनर परिवारों के त्याग को करीब से देखते हैं, तभी अंगदान के प्रति समाज की सोच बदलती है।

कार्यक्रम में 5 साल का मिहिर आकर्षण का केंद्र रहा। मिहिर को उसके जीवन का सबसे बड़ा उपहार उसकी मां पिंकी ने दिया। बच्चे की हालत नाजुक थी और डॉक्टरों के पास ट्रांसप्लांट के अलावा कोई चारा नहीं था। मां ने बिना झिझक अपने लिवर का एक हिस्सा दान किया और आज मिहिर पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ. शोहिनी सिरकार और डॉ. सुचिता जैन ने भारत की चिंताजनक स्थिति साझा की। उन्होंने बताया कि भारत में हर साल 50 हजार लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, लेकिन उपलब्धता की कमी के कारण केवल 5 हजार मरीजों का ही ट्रांसप्लांट हो पाता है। काउंसलर देबी चटर्जी के अनुसार, अंधविश्वास और जागरूकता की कमी अंगदान की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

# 9 हजार सफाईकर्मियों के घर सोलर से होंगे रोशन

### 270 करोड़ रुपयों की होगी बचत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सस्टेनेबल लिविंग सिटी प्रोग्राम के तहत इंदौर में 9 हजार सफाईकर्मियों के घर सोलर से रोशन करने के लिए नगर निगम और यूनिटी ऑफ नेशनल एक्शन फॉर क्लाइमेट चेंज काउंसिल के बीच एमओयू हुआ है। अगले माह से घरों में सोलर सिस्टम लगाने का काम शुरू होगा इसके लिए काउंसिल ने सर्वे भी किया है। 180 देशों में काम कर रही इस संस्था ने देश के सबसे साफ शहर इंदौर को इस प्रोजेक्ट के लिए चुना है। काउंसिल के प्रबंध निदेशक अभिजीत खेमकर ने बताया कि दो से तीन किलोवाट के सिस्टम घरों में लगाए जाएंगे। बाजार में इस सिस्टम की लागत दो से ढाई लाख तक आती है, लेकिन हम इन परिवारों को 1.48 लाख में ही यह सिस्टम लगाकर दे रहे हैं, ताकि कम बिजली बिलों के कारण उनकी बचत हो सके। सिस्टम लगाने पर खर्च होने वाली राशि भी बैंकों से लोन के रूप में मिलेगी। एक परिवार को पांच सौ रुपये महीना की किस्त भरना होगी। 25 साल में 270 करोड़ की बचत काउंसिल के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अपने घरों पर सोलर सिस्टम लगाते हैं तो 25 साल में 270 करोड़ रुपये की बचत इन परिवारों को होगी। केंद्र सरकार की हर घर सोलर योजना के तहत इन परिवारों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत चुना गया है, क्योंकि सफाईकर्मियों के कारण इंदौर स्वच्छता में कई वर्षों से सिरमौर रहा है। काउंसिल की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिशिर पंडित ने कहा कि हमारी कोशिश है कि इंदौर देश का पहला सस्टेनेबल नेट-जीरो शहर बने। यह शहर सोलर सिटी में तब्दील हो सकता है।



## मप्र स्टेट बार काउंसिल चुनाव : 119 प्रत्याशी मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के 25 प्रतिनिधियों के लिए 12 मई को होने वाले पांच वर्षीय चुनाव के लिए 119 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस सुशील कुमार पालो द्वारा नामांकन पत्रों की जांच के बाद शुक्रवार को अधिकृत सूची सार्वजनिक की गई।

चुनाव के लिए कुल 138 नामांकन पत्र जमा हुए थे, जिनमें से 19 विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। अब 119 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। इंदौर से कुल 22 वकील इस चुनाव में उम्मीदवार हैं, जिनमें चार महिला वकील भी शामिल हैं। स्टेट बार काउंसिल के मौजूदा सदस्य विवेक सिंह, सुनील गुप्ता, हितोषी जय हार्डिया, नरेंद्र कुमार जैन और खिलाड़ी लाल गनगौरे पुनः चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा इंदौर बार एसोसिएशन के 13 बार अध्यक्ष रह चुके सीनियर एडवोकेट सुरेंद्रकुमार वर्मा सहित निमेष पाठक, तनुज दीक्षित, राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, विनोद द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, सीपी पुरोहित, राजेंद्र सिंह, कन्हैयालाल यादव, शेख अलीम, प्रीति तिवारी, प्रतिभा वालिया, नूरजहां खान, रेखा बोरवेल, शादाब खान और मोहम्मद शब्बीर खान जैसे नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। मप्र स्टेट बार काउंसिल का चुनाव पूरे प्रदेश में एक ही दिन 12 मई को आयोजित किया जाएगा। प्रत्याशियों को प्रदेश के 55 जिलों में स्थित 270 बार एसोसिएशनों में जाकर मतदाताओं से संपर्क करना होगा। प्रदेश में लगभग 86 हजार अधिवक्ता मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 से 22 अप्रैल शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 22 अप्रैल को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ गई है और विभिन्न प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन के लिए प्रदेशभर में संपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं।

## कारीगर पर हमला, चाकू मारकर लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नंदबाग इलाके में शनिवार रात फर्नीचर कारीगर के साथ लूट की वारदात हुई। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में 4-5 बदमाशों ने चाकू मारकर घायल किया और नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। धर्मेंद्र शर्मा (34) रात करीब 10 बजे नंदबाग कचरा प्लाट के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ा। तभी 4-5 बदमाश मदद के बहाने पहुंचे और मोबाइल छीनने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू मार दिया और जेब से करीब 8 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। घटना के बाद धर्मेंद्र करीब एक घंटे तक मौके पर घायल पड़ा रहा। होश आने पर वह अनमोल नर्सिंग होम पहुंचा, जहां से परिजनों को सूचना दी गई। हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। धर्मेंद्र की पत्नी ने बताया कि वह बाणगंगा में अपनी बहन के घर थी। पति उसे लेने जा रहे थे। धर्मेंद्र फर्नीचर का काम करता है और उसके दो बच्चे हैं। मल्हारगंज टीआई वरेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि धर्मेंद्र शर्मा के साथ लूट के मामले में मौके पर मौजूद कुछ लोगों के बयान लिए गए हैं।

# आईपीएल सट्टेबाजी पर पुलिस की कार्रवाई, 5 सटोरी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आईपीएल सट्टेबाजी के खिलाफ जारी अभियान के तहत खजराना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से उनके मोबाइल भी जब्त किए हैं।**



टीआई मनोज सेंधव को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में कुछ युवक घेरा बनाकर मोबाइल पर सट्टेबाजी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और सभी आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आईपीएल मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चल रहे मुकाबले पर हार-जीत समेत अलग-अलग तरह के दांव लगा रहे थे। पुलिस ने वीरसिंह सांवलिया (खजराना), दिनेश राठौर (सूरज नगर), अंगद पटेल (सिद्धि विनायक कॉलोनी), रोहित परमार (गणेशपुरी) और सचिन सोलंकी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। आरोपी मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए थे और उसी के माध्यम से पूरा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से मोबाइल फोन और कुछ नकद राशि भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 'प्ले अड्डा' लिंक के जरिए अंगद के नाम से आईडी बनाई थी, जिसके माध्यम से लेन-देन और हिसाब-किताब किया जाता था। हालांकि, जिस लिंक के जरिए वे ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे, उसे सरकार पहले ही प्रतिबंधित कर चुकी है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हीरानगर इलाके में रविवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश थी। एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें घायल युवक भागते हुए दिख रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, घटना खातीपुरा इलाके की है। यहां सुरेंद्र साहू नाम के युवक पर विवेक साहू और उसके साथियों ने चाकू से हमला किया। घटना के बाद सुरेंद्र को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद के कुछ फुटेज भी पुलिस को मौके से मिले हैं।

# युवती से सरेआम मारपीट, पैसों के विवाद में युवक ने सड़क पर घसीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नवलखा चौराहे के पास एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। एक युवक ने उसे सरेआम पीटते हुए सड़क पर घसीटा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अभिरक्षा में ले लिया है। पीड़िता ने भंवरकुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।**

जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 को मयूर नगर, मुसाखेड़ी निवासी सीमा चौहान (28) ने शिकायत दर्ज कराई कि रुपए के विवाद को लेकर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पैसों को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद युवक ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपी राहुल का आरोप है कि युवती उसके पैसे नहीं लौटा रही थी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर युवती को बचाया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उसे थाने भेजा गया। महिला की रिपोर्ट पर भंवरकुआ थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 428/2026 धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संतोष दूधी ने टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी आधार पर आरोपी के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, अभिरक्षा में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने कृत्य पर माफी भी मांगी है। फिलहाल उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।



# पलंग से गिरी 5 माह की बच्ची की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार क्षेत्र में 5 माह की मासूम बच्ची की पलंग से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना के समय उसकी मां घर में खाना बना रही थी। गंभीर हालत में बच्ची को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन इलाज के बाद शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया।**



पुलिस के मुताबिक मृत बच्ची आयत, पिता अबरार शेख की बेटी थी। 14 अप्रैल को वह घर में बिस्तर पर खेलते हुए करवट लेने के दौरान नीचे गिर गई थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। मां ने तुरंत पिता को सूचना दी और दोनों उसे अस्पताल लेकर पहुंचे।

आयत के पिता हम्माली का काम करते हैं और परिवार किराए के मकान में रहता है। परिवार में एक बेटी और एक बेटा और भी हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आयत के माता-पिता उसकी पोस्टमार्टम प्रक्रिया के पक्ष में नहीं थे। शनिवार रात मौत के बाद उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत की, जहां उन्हें पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। वहीं पुलिस ने भी बिना पोस्टमार्टम के बच्ची का शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया।

# दरवाजा तोड़कर गिरफ्तारी वारंट तामील कराने पहुंचे पुलिसकर्मी, पांच निलंबित

**इंदौर। इंदौर में पदस्थ रहे पूर्व एसीपी राकेश गुप्ता के ग्वालियर कोर्ट के केस में इंदौर के पाँच पुलिसकर्मियों को गिरफ्तारी वारंट तामील करना महँगा साबित हुआ। पाँच पुलिसकर्मी स्कीम नंबर 114 में रहने वाले गौरव जैन के यहाँ दरवाज़ा तोड़कर घुसे।**

वारंट तामील कर जैन को गिरफ्तार किया और निजी कार में ग्वालियर कोर्ट भी ले गए। आरोप है कि वकील से बात कराने के एवज में 25 हजार रुपये की रिश्वत भी ली। जैन ने इंदौर आकर पुलिस अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की, तो अब थानेदार संजय विश्नोई, सिपाही प्रणीत भदौरिया, नीरज, रविंद्र और दीपेंद्र को निलंबित कर दिया गया।

गौरव जैन और पूर्व एसीपी राकेश गुप्ता के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद है। जैन ने कुछ चेक दिए थे, जो बाउंस हो गए। इसके बाद गुप्ता ने ग्वालियर कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट से जैन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था, जिसे गुप्ता ने पाँचों पुलिसकर्मियों को तामील कराने की जिम्मेदारी दी थी। गुप्ता पूर्व में लसूड़िया में भी पदस्थ रहे हैं। जब पुलिसकर्मी वारंट तामील कराने जैन के घर गए, तो परिवार के लोगों ने गेट बंद कर लिया। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़ा और जैन को पकड़कर ग्वालियर ले गए। रास्ते में जैन ने वकील से बात करने की इच्छा जताई, तो बदले में उससे भी रिश्वत ले ली। ग्वालियर से लौटने के बाद जैन ने सभी सबूतों के साथ पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह से शिकायत की। जाँच के बाद पाँचों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

## पुलिस चौकी में युवक ने किया सुसाइड




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा चौकी में रविवार देर शाम एक आरोपी ने एसिड पीकर जान दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। बताया जाता है कि उसे चोरी की शंका में लेकर यहां लाया गया था। मृतक का नाम श्रीराम है। गाड़ी चोरी के मामले में लेकर आए थे। पानी पीने के बहाने बाहर गया था। जानकारी के मुताबिक बाणगंगा इलाके के अंतर्गत आने वाली भागीरथपुरा चौकी में एक युवक को चोरी के शक में पूछताछ के लिए कौरव नाम का युवक लेकर पहुंचा था। यहां उसने देर शाम एसिड पी लिया। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद वरिष्ठ अफसर यहां पहुंचे हैं।

## वैवाहिक संस्कार एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि अक्षय मूल्यों और अक्षय संस्कारों की स्थापना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनत्व की भावना बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक संस्कार एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि अक्षय मूल्यों और अक्षय संस्कारों की स्थापना हैं। विवाह संस्कार दो परिवार को जोड़ने का प्रसंग होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में नगर निगम द्वारा क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अक्षय तृतीया के पवित्र दिवस पर बाबा श्री महाकाल और माँ हर सिद्धि की कृपा से 112 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की पावन धरा पर धर्म का सबसे अनूठा संगम हो रहा है। एक ओर बेटियों का कन्यादान कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ 2028 के लिए विकास कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह संस्कार जितना सरल, संस्कारित और सामाजिक सहयोग से होगा, उतना ही समाज संतुलित और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी बेटे का विवाह 4 माह पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया गया था।

## करंट से मछली और मगरमच्छ का शिकार, तीन आरोपी गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर के गांधीसागर जलाशय में अवैध रूप मछली पकड़ने वालों के खिलाफ पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम संजीत में करंट लगाकर मछलियों और जलीय जीवों का शिकार करने वाले तीन आरोपियों को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गांधीसागर जलाशय के बैकवॉटर क्षेत्र—गरोठ, बसई, संजीत, रामपुरा और चचोर में लंबे समय से मछली माफिया सक्रिय थे। ठेका निरस्त होने के बावजूद बाहरी लोग अवैध रूप से करंट का उपयोग कर बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार कर रहे थे। सूचना मिलने पर प्रशासनिक महकमे ने संजीत क्षेत्र के ग्राम मगरा में दबिश दी, जहां बिना लाइसेंस के मछली के शिकार का मामला सामने आया। टीम को मौके से करंट लगाने वाले उपकरण भी बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

## बारात को लेकर दो पक्षों में विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी।** शाजापुर जिले के बेरछा क्षेत्र में शनिवार रात बारात के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना रात करीब 9 से 10 बजे के बीच की है, जब बेरछा बायपास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास हिंदू समाज की बारात गुजर रही थी। इसी दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने ट्रक निकालने को लेकर विवाद शुरू हुआ,जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। हिंदू पक्ष के छह लोग घायल हो गए। पांच थानों का पुलिसबल तैनात किया गया है। फरियादी रवि समोरा उम्र 32 साल निवासी बेरछा ने पुलिस को बताया कि ट्रक चालक शाहरूख शेख पिता इसराईल ने पहले गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। कुछ देर बाद वह अन्य लोगों को लेकर लौटा और बारातियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि शाहरूख ने चाकू से सूरज भिलाला पर वार किया,जबकि राजू मिस्त्री ने अरिहंत जैन पर हमला किया।

# मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

### सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का अनुकरणीय माध्यम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हामूखेड़ी, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय माध्यम है। "आज अक्षय तृतीया का पावन अवसर है। इस मौके पर किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है। आज का यह दिन सभी नव-विवाहित जोड़ों के लिए अत्यंत शुभ और मंगलकारी सिद्ध हो।"**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह संस्कार हमारी संस्कृति में सबसे महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक है। सामूहिक विवाह से न केवल धन की बचत होती है, बल्कि सभी को एक साथ अपनी खुशियों को साझा करने का अवसर भी मिलता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देते हैं।उन्होंने आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन शहर में कई विकास कार्य चल रहे हैं, जिनसे शहर की नई छवि उभरेगी और यह समृद्धि का प्रतीक बनेगा। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि यहां के हर घर में सुख, शांति और वैभव बना रहे।

रविवार को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच पर पहुंचकर सभी नव-दंपतियों को व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया, उनके सिर पर पुष्प वर्षा की तथा उन्हें सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए।

राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, महंत श्री रामेश्वर दास, महंत श्री रामदास जी महाराज, महंत श्री बालकनाथ जी महाराज, श्री बालकृष्ण दास जी महाराज, श्री रवि सोलंकी, श्री नरेश शर्मा, ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति श्री महावीर नाथ जी महाराज, श्री नारायण यादव, श्री कल्याण यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने नव-दंपतियों को माला और स्मृति चिन्ह भेंट किए। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजनकर्ता श्री प्रकाश यादव ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेंद्र व्यास ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्री परेश कुलकर्णी द्वारा किया गया। प्रमुख आचार्य पंडित सोहन भट्ट के सानिध्य में सामूहिक विवाह संपन्न कराये गये।

## इंजन-ट्रॉली के बीच फंसे 4 दोस्तों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर जिले में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के इंजन और ट्रॉली के नीचे दबने के कारण चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। करन पठार थाना प्रभारी वीरेंद्र बडकरे के मुताबिक, डिंडौरी जिले के भीमकुंडी गांव से ठाड़ पाथर गांव की दूरी 20 से 25 किलोमीटर है। चारों दोस्त सुबह 5:30 बजे ट्रैक्टर लेकर गिट्टी (क्रशर) लेने के लिए अनूपपुर के पौनी गांव आ रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली खाली थी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ठाड़ पाथर गांव के पास अचानक मोड पर सड़क से नीचे उतर गई और नीचे गड्ढे में पलट गई। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव करते हुए ट्रैक्टर को हटाने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस को सूचना दी। सुबह 6:30 बजे जेसीबी वाहन से चारों शवों को बाहर निकाला गया।

## सीजन में पहली बार पारा 44°C के पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में तेज गर्मी पड़ रही है। रविवार को पूरा प्रदेश गर्म रहा। छतरपुर के नौगांव में पारा सबसे ज्यादा 44.3 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के इस सीजन में पहली बार पारा 44 डिग्री के पार पहुंचा है। इससे पहले शनिवार को रतलाम में तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया था। हालांकि, रविवार को रतलाम में तापमान में 0.2 डिग्री की गिरावट हुई और यह 43.8 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को नौगांव के बाद मंडला प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 43.9 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह छतरपुर के खजुराहो में 43.4 डिग्री, दतिया, उमरिया-सतना में 43.1 डिग्री, दमोह में 43 डिग्री, नर्मदापुरम में 42.8 डिग्री, सीधी-सागर में 42.6 डिग्री, मलाजखंड में 42.5 डिग्री, रीवा में 42.4 डिग्री, धार में 42.2 डिग्री, टीकमगढ़ और श्योपुर में तापमान 42 डिग्री रहा।



# महिला आरक्षण के समर्थन में आज बीजेपी की आक्रोश रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कहा कि लोकतंत्र एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है और संसद में जो घटनाक्रम हुआ, वह बेहद निंदनीय और कष्टकारी है। बता दें कि महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान का 131वां संशोधन बिल मोदी सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सरकार और पार्टी अब जनता के बीच जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा निकाली जाएगी और पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होगा। सभी जिलों में प्रदर्शन किए जाएंगे। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर निंदा प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी और निंदा प्रस्ताव भी लाया जाएगा। सीएम ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है, जिसका पर्दाफाश जनता के बीच किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह अभियान प्रेस कॉन्फ्रेंस से शुरू हो चुका है और अब हर स्तर पर इसे आगे बढ़ाया जाएगा, सरकार इस मुद्दे पर रुकने वाली नहीं है। सीएम यादव ने आगे कहा कि द्रौपदी का चीरहरण तो हमने 5000 साल पहले का सुना था, लेकिन बहनों की इज्जत के साथ खेलने का घटनाक्रम संसद में जिस प्रकार हुआ, वह हमारे लिए अत्यंत कष्टकारी और निंदनीय है। प्रधानमंत्री मोदी जी और अमित शाह जी ने प्रस्तावक बनकर जो निर्णय लिया, उसमें शुरुआत से ही हर दल को सुझाव देने का अवसर दिया गया। मोदी जी ने सभी को खुला पत्र भी लिखा, ताकि कोई यह न कहे कि हमें बोलने का अवसर नहीं मिला या हमसे चर्चा नहीं की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे, विधायक अर्चना चिटनिस और मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ती चुनौतियां और कोरियाई राष्ट्रपति का भारत विजन

पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को लेकर ईरान-अमेरिका में घमासान जारी है। ऐसे हालात में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को लेकर भारत के साथ काम कर रहे। दोनों देशों के अस्तित्व के लिए अहम समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली इस समय भारत दौरे पर हैं। टीओआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने वैश्विक हालात, चीन से लेकर आत्मनिर्भर भारत समेत कई मुद्दों पर बात की। सचिन पराशर और अल्पयू सिंह को दिए एक खास इंटरव्यू में उन्होंने भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के लिए अपना विजन साझा किया। यह साझेदारी व्यापार, टेक्नोलॉजी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और जहाज निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनमें सियोल एक वैश्विक अगुआ है। राष्ट्रपति के तौर पर यह आपकी भारत की पहली यात्रा है। मौजूदा हालात में, आप भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की क्या उम्मीद रखते हैं- खासकर व्यापार और महत्वपूर्ण उभरती टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में? दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि भारत जो कि दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 'ग्लोबल साउथ' की एक प्रमुख आवाज है। रिपब्लिक ऑफ कोरिया के लिए एक आदर्श साझीदार है। हमारी साझेदारी न सिर्फ हमारी एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाओं पर आधारित है, बल्कि लोकतंत्र और बाजार-आधारित अर्थव्यवस्था जैसे साझा मूल मूल्यों पर भी टिकी है। ऐसे समय में जब भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ी हुई है और बहुपक्षवाद के सामने चुनौतियां बढ़ रही हैं, यह पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है कि कोरिया और भारत, उभरते हुए वैश्विक अगुआ के तौर पर, एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करें। अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम सहयोग के उन व्यापक संबंधों को और गहरा करेंगे जो आपसी विकास और नवाचार को गति देते हैं। इसके साथ ही अपने रणनीतिक क्षितिज का भी विस्तार करेंगे। एक प्रमुख प्राथमिकता, 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' (CEPA) को उन्नत बनाने के लिए चल रही बातचीत को तेज करना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर, हम जहाज निर्माण, वित्त और रक्षा उद्योग में भी सहयोग का विस्तार करेंगे, जिससे 'Make in India, Together with Korea' (कोरिया के साथ मिलकर भारत में निर्माण) के विजन को साकार किया जा सके। हम AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में भी सहयोग को और बढ़ाएंगे। कोरिया का विश्व-स्तरीय AI इंफ्रास्ट्रक्चर और भारत में AI प्रतिभाओं का विशाल भंडार हमें स्वाभाविक साझेदार बनाता है। मिलकर, हम सक्रिय रूप से ऐसी परियोजनाओं की पहचान करेंगे जिनसे सार्थक तालमेल (synergy) पैदा हो सके। इसके साथ ही, हम सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी मेल-जोल को भी और विस्तार देंगे, जो हमारे संबंधों की एक मजबूत नींव है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत- जिसका बेहतरीन उदाहरण बॉलीवुड है। और कोरिया की विश्व-भर में प्रभावशाली 'K-Culture' को एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य और भी अधिक तालमेल स्थापित करना है।

## सैर सपाटा

# मनाली जा रहे तो इन एक्टीविटी का मजा जरूर लें, बगैर इसके अधूरी रह जाएगी ट्रिप

पहाड़ों पर वेकेशन के लिए मोस्ट पॉपुलर डेस्टिनेशन में कुल्लू-मनाली शामिल है। लेकिन अभी भी काफी सारे लोग इन जगहों पर केवल पहाड़, बर्फ और सुंदर नजारे देखकर ही लौट आते हैं। जबकि मनाली एडवेंचर के शौकीन लोगों के लिए भी शानदार जगह हैं। यहां पर एक, दो नहीं बल्कि कई ऐसी एक्टीविटी हैं, जिन्हें करने खासतौर पर दूर-दूर से लोग आते हैं। अगर आपका प्लान भी मनाली जाने का हो रहा तो इन एक्टीविटीज को करने का लुत्फ जरूर उठाएं, तभी ट्रिप यादगार बनेगी।



### ● सोलांग वैली पर पैराग्लाइडिंग

ऊंची पहाड़ की चोटी से जंप मारकर पूरे सोलांग वैली के नजारों को देखते हुए हवा में तैरना काफी रोमांच वाला सीन है। मनाली जा रहे तो पैराग्लाइडिंग जरूर करें। वैसे तो पैराग्लाइडिंग के कई स्पॉट मनाली में मौजूद हैं। लेकिन अगर आप सेफ्टी के साथ इस एडवेंचर को पूरा करना चाहते हैं तो रास्ते में कुल्लू में पैराग्लाइडिंग कराई जाती है। जहां के फिक्स्ड प्राइस और ट्रेंड पैराग्लाइडर आपके एडवेंचर के लिए परफेक्ट होंगे।

### ● रिवर राफ्टिंग

रिवर राफ्टिंग का एडवेंचर करना है तो मनाली में भी ये पूरा हो सकता है। ब्यास नदी के तेज बहाव में राफ्टिंग करवाई जाती है। जिसका लुत्फ आप उठा सकते हैं। हालांकि नदी के ठंडे पानी और तेज बहाव में काफी हिम्मती लोग ही राफ्टिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

### ● स्कीईंग

मनाली के आगे पहाड़ों पर रोहतांग पास या कोकसर जैसे गांव जा रहे हैं तो वहां पर स्कीइंग का लुत्फ जरूर उठाएं। इन जगहों पर एडवेंचर के लिए पूरा पैकेज भी बुक हो सकता है। और अगर आप सीखने में एक्सपर्ट हैं तो थोड़े समय में बर्फीली ढलान पर आप स्कीइंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

### ट्रैकिंग

मनाली में ट्रैकिंग का सपना भी पूरा हो सकता है। काफी सारे टूरिस्ट यहां पर ट्रैकिंग का सपना भी पूरा करते हैं। हम्प्टा पास काफी पॉपुलर ट्रैक है जहां पर टूरिस्ट चार से पांच दिनों की ट्रैकिंग के लिए आते हैं। जो जंगली रास्तों, पहाड़ों के हरे-भरे मैदानों से होते हुए बर्फ की चोटियों पर जाकर खत्म होता है। ये ट्रैक काफी यादगार होता है और मनाली ट्रिप को और भी खास बना देता है।

### ● कैंपिंग

वैसे तो ट्रैकिंग के दौरान कैंपिंग का लुत्फ उठाने का मौका मिलता है। लेकिन आप चाहें तो खुले आसमान के नीचे पहाड़ों के बीच कैंपिंग का मजा भी उठा सकते हैं। जो आपके लिए यादगार एक्सपीरिएंस देगा। खासतौर पर अगर आप हनीमून के लिए आ रहे तो इस तरह की एडवेंचर एक्टीविटी आपकी कम्पैटिबिलिटी को बढ़ाएगी।

### ● साइकिलिंग

पहाड़ी रास्तों पर साइकिलिंग का लुत्फ भी मनाली के आसपास उठाने को मिलता है। एडवेंचर के शौकीन साइकिलिंग का मजा लेने के लिए यहां आते हैं। सोलांग वैली और ओल्ड मनाली के रास्तों के अलावा काफी सारे एडवेंचरस लोग पूरे लेह तक का सफर भी साइकिल से तय करते हैं।



Tamil Nadu

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 23 की मौत इनमें 16 महिलाएं, रेसक्यू के दौरान दूसरा ब्लास्ट

**तमिलनाडु, (एजेंसी) तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 23 लोगों की मौत हुई है। 6 घायलों को ICU में भर्ती कराया गया है। अब तक 19 शवों की पहचान हो चुकी है। इनमें 16 महिलाएं और तीन पुरुष हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे।**

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, रेस्क्यू के दौरान एक और विस्फोट हुआ। इसमें पुलिस, फायर और रेस्क्यू टीम के 13 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जांच में



सामने आया कि विस्फोट फैक्ट्री के सामने वाले हिस्से में हुआ, जहां मजदूर बारूद के साथ काम कर रहे थे। प्रशासन ने FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निगरानी के लिए एक सीनियर आईएएस अधिकारी को तैनात किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने X पर लिखा- जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने X पर लिखा- मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के लिए कहा है। साथ ही जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

Manipur

## धमाके में 2 मासूमों की मौत पर सुलग उठा मणिपुर, रात में सड़कों पर उतरे हजारों लोग



**इंफाल, (एजेंसी)** हिंसा की आग में कई महीनों तक झुलसने के बाद मणिपुर में धीरे-धीरे शांति लौट रही थी. अब ताजा घटनाओं ने इस प्रदेश के जख्म फिर हरे कर दिए हैं. रविवार रात हजारों लोग मणिपुर के कई जिलों में सड़कों पर उतर गए और जबर्दस्त विरोध-प्रदर्शन किया.

ये लोग हाल ही में हुए बम धमाके के खिलाफ प्रोटेस्ट कर रहे थे. इस धमाके में दो बच्चों की मौत हो गई थी. इस दौरान इंफाल ईस्ट के कोईरेंगई और हट्टा गोलपाटी, काकचिंग जिला और इंफाल वेस्ट जिले के मयाई लाम्बी में रात के समय रैलियां निकाली गईं.

प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प भी हुई. पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों ने इन जिलों के कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े.

**ये हैं डिमांड्स-** ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (AMUCO), COCOMI और अन्य संगठनों ने पहाड़ी जिलों में सक्रिय कुकी उग्रवादियों के खिलाफ तत्काल एक्शन की मांग की. रैली में शामिल लोगों ने 2027 की जनगणना से पहले राष्ट्रीय नागरिक पंजी (NRC) लागू करने की भी डिमांड की. साथ ही 7 अप्रैल को बिष्णुपुर के त्रोंगलाओबी में हुए बम हमले के जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की गई, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी. बम हमले के बाद घाटी के पांचों जिलों में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं.

Haryana

## पहले तीन साल की बेटी को फंदे से लटकाया, फिर अपनी जान दी

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा), (एजेंसी)** कुरुक्षेत्र के प्रेम नगर क्षेत्र में पति-पत्नी ने पहले अपनी तीन साल की बीमार बच्ची को फंदे पर लटकाया और फिर खुद भी झूल गए। घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में तीनों लटके मिले जबकि कमरा बंद था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना का पता उस समय चला जब समीप ही रहने वाले एक रिश्तेदार के मोबाइल पर मृतक जितेंद्र की ओर से भेजा गया टेक्स्ट मैसेज आया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। कृष्ण गेट एसएचओ बलजीत सिंह डीएसपी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। कमरा खोलने पर करीब 32 वर्षीय जितेंद्र, उसकी 30 वर्षीय पत्नी युक्ता और उनकी तीन वर्षीय बेटी माधवी के शव लटके हुए थे। पुलिस ने तीनों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई।

Jammu & Kashmir

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बड़ा बस हादसा

## 15 लोगों की मौत, बढ़ सकता है आंकड़ा

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक यात्री बस खाई में गिर गई है। इस भीषण हादसे में 15 लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। यह घटना तब हुई, जब बस रामनगर से उधमनगर की ओर जा रही थी। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब बस रामनगर के पास ही एक गांव कगोर्ट से गुजर रही थी। जानकारी मिली है कि ऊंची पहाड़ी पर बने रोड से गुजरती हुई बस का एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो गया। यह हादसा सुबह 10 बजे के करीब ही हुआ। हादसे के बाद से बचाव



अभियान जारी है। कई लोगों को इस घटना के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह बस उधमपुर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ।

खेल

# पंजाब की लगातार पांचवीं जीत, तीन मैच गंवा चुकी है लखनऊ की टीम

**न्यू चंडीगढ़, (एजेंसी)** प्रियांश आर्या (93) और कूपर कोनोली (87) की रिकॉर्ड 182 रनों की साझेदारी के बाद मार्को यानसेन की घातक गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हरा दिया। रविवार को न्यू चंडीगढ़ के महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में सात विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर सिर्फ 200 रन ही बना सकी। पंजाब का दबदबा

पंजाब ने की इस सीजन की लगातार पांचवीं जीत है। 11 अंक और +1.420 के नेट रन रेट के साथ टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। वहीं, लखनऊ की टीम लगातार तीसरी हार के साथ आठवें स्थान पर है।

255 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर



जाएंट्स की शुरुआत शानदार रही। आयुष बदोनी और मिचेल मार्श ने मिलकर पहले विकेट के लिए 5.6 ओवर में 61 रन जोड़े। मार्श 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बदोनी ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान ऋषभ पंत अच्छी लय में दिखाई दिए और उन्होंने महज 23 गेंदों का सामना करते हुए 43 रनों की दमदार पारी खेली। पंत ने अपनी इस पारी में एक चौका और चार छक्के लगाए।

निकोलस पूरन की खराब फॉर्म इस मुकाबले में भी जारी रही और वह नौ रन बनाकर आउट हुए। एडेन मार्करम और मुकेश चौधरी ने पांचवें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। दोनों ने मिलकर 33 गेंदों में 60 रनों की साझेदारी निभाई, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। मार्करम ने 22 गेंदों में 42 रन बनाए, तो मुकुल 17 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक और चहल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। इससे पहले, प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली की तूफानी पारियों की मदद से पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में पंजाब ने 254/7 का स्कोर बनाया। यह इस सीजन में किसी भी टीम के द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले आरसीबी ने तीन विकेट पर 250 बनाए थे।

इस मैच में पंजाब की शुरुआत झटके से साथ हुई। प्रभसिमरन सिंह खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें मोहम्मद शमी ने पवेलियन भेजा। इसके बाद मोर्चा कूपर कोनोली और प्रियांश आर्या ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों में 182 रनों की विशाल साझेदारी हुई। यह पंजाब के लिए आईपीएल में तीसरी बड़ी साझेदारी है।

सिनेमा

## धुरंधर की सिंगर जैस्मिन सैंडलस पीने लगीं थीं जरूरत से ज्यादा शराब, मां-पिता ने भी कई दफा तोड़ा दिल



सिंगर जैस्मीन सैंडलस धुरंधरः द रिवेंज में अपने गाने के लिए तारीफें बटोर रही हैं। सिंगर ने कुछेक गानों में अपनी आवाज दी है जिन्हें ऑडियंस से जबरदस्त रिएक्शन मिला। फैंस से मिल रहे इस प्यार से सिंगर खुश हैं। हाल में जैस्मीन ने अपने गाणों और स्ट्रगल के बारे में बात की। सिंगर ने हाल में बताया कि वो अल्कोहोलिज्म से लड़ती आई हैं। उम्र के एक पड़ाव पर उन्होंने इतनी शराब पी जितने उन्हें नहीं पीनी चाहिए थी। रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट पर पहुंची जैस्मिन ने अपनी जिंदगी के कई पहलुओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया, 'मैंने बहुत स्ट्रगल किया। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपने जीवन में कई पड़ाव पार किए हैं, खुद को समझने की कोशिश में। वो सफर आसान नहीं था। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। पेरेंट्स के लिए तो मुश्किल होते ही हैं, साथ ही बच्चों के लिए भी। हमें गाइडेंस की जरूरत होती है। जैस्मिन ने आगे कहा कि पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ इतने सख्ती से पेश क्यों आते हैं? मुझे कुछ बातों का पछतावा है। मैं शराब पीती थी। बहुत कुछ एक साथ हो गया। एक तरफ मैं पॉपुलर थी और दूसरी तरफ कई तरह की फीलिंग्स से गुजर रही थी। इसी दौरान परिवार से रिश्ते टूट गए। पिता का निधन हो गया।

## Highlights

1. J'khand CM's chopper denied entry due to PM's Jhalmuri break in WB: TMC
2. BJP has compromised Odisha's rights: Patnaik on Delimitation Bill
3. Unfortunate PM chose to mislead nation on women's quota bill: Mamata
4. Class X Gurugram student gets 100% in CBSE boards, says 'Consistency is key to success'
5. PM Modi must learn from ex-PMs to not use nation against us: Raut

# India set for trade engagements with US, others from this week

**NEW DELHI, (Agency).** India is set for a series of high-stakes trade engagements in the coming weeks, beginning Monday, including the first in-person talks with the US in six months, signing of a free trade agreement (FTA) with New Zealand, the first face-to-face negotiations with Canada, operationalisation of the UK FTA, and a push to fast-track the review of its 2010 trade pact with South Korea, people familiar with the matter said.

The review of the India-South Korea Comprehensive Economic Partnership Agreement (CEPA) is expected to gather pace after both sides appointed chief negotiators, they said. South Korean President Lee Jae Myung's three-day visit to India from Sunday is expected to lend momentum.

New Delhi has sought a review of the CEPA amid concerns over a widening trade deficit since its implementation in 2010. Negotiations to upgrade the pact began in 2016, with 11 rounds held so far, the last in July 2024 in Seoul. The issue is expected to figure in talks between Prime Minister Narendra Modi and President Lee.



Talks will resume soon after the 11th round of CEPA upgrade negotiations, which were held in July 2024 in Seoul, people mentioned above said. It is expected that leaders of the two countries may discuss this matter during their bilateral meeting on Monday, they added. The two leaders are expected to discuss a range of issues, including shipbuilding, trade, investments, AI, semiconductors, critical and emerging technologies and people-to-people connect.

"We are not looking for any deliverables at the Leaders' meeting. However, when the Leaders meet, there could be guidance on the way forward on this review also," one of them said. India imported goods worth $21.06 billion from South Korea in 2024-25 and exported $5.82 billion, resulting in a trade deficit of $15.24 billion.

Meanwhile, an Indian delegation is in Washington for a three-day round of talks from Monday to finalise an interim bilateral trade agreement (BTA) with the US under a revised tariff framework, after reciprocal tariffs imposed under the International Emergency Economic Powers Act (IEEPA) were struck down by the US Supreme Court on February 20. This will be the first in-person engagement between the two sides since October 2025.

India is also expected to sign an FTA with New Zealand on April 27, following negotiations that began in March 2025 and concluded in December.

# Govt okays ₹12,980-crore maritime insurance pool

**NEW DELHI, (Agency).** The Union Cabinet meeting, chaired by Prime Minister Narendra Modi, on Saturday approved the creation of a sovereign guarantee-backed maritime insurance pool, Bharat Maritime Insurance Pool (BMI), worth ₹12,980 crore amid rising underwriting costs due to the West Asia war, a move aimed at cutting Indian merchant shippers' reliance on global risk-coverage firms, including reinsurers.

The decision will ease tight insurance conditions and help lower costs for Indian vessels as global underwriters have hiked risk-mitigation charges to historic highs due to the war in West Asia.



India carries out nearly 95% of trade by volume through the sea.

The pooled insurance package will specifically cover war-risk insurance for vessels operating in conflict zones and high-risk maritime corridors, a coverage aimed at securing supplies amid considerable uncertainties in the Persian Gulf through which most of India's imported oil and gas flows.

Several major reinsurers including the State-backed reinsurer General Insurance Corporation Of India (GIC Re) have sharply raised premiums and scrapped many coverages amid heightened risks and a protracted conflict in West Asia.

# 76 शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले

## बदमाशों को भी किया चेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अपराध नियंत्रण के लिए शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चारों जोन में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने मैदान में उतरकर गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी की। पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। गुंडे-बदमाशों और निगरानीशुदा अपराधियों की धरपकड़ के लिए रातभर पेट्रोलिंग की गई।**

अभियान के दौरान 389 बदमाशों की जांच की गई, जिन पर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई संदिग्धों को चेक कर आगे अपराध न करने की चेतावनी दी। पुलिस ने विभिन्न मामलों में 140 से अधिक वारंट तामील किए। इनमें 27 स्थायी, 40 गिरफ्तारी और 73 जमानती वारंट शामिल हैं। शहर में कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों और चालकों की जांच की गई। संदिग्ध वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 176 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पाया गया। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। अभियान में एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 3 लोगों और गांजा पीते एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ड्रोन कैमरों के माध्यम से हॉटस्पॉट और शैडो एरिया की निगरानी की। इस दौरान निगरानीशुदा बदमाशों के डोजियर भी भरवाए गए।



## लाखों की ठगी मामले में पुलिस को मिला नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उसने एक नंबर की जानकारी मिली है। ये नंबर उनका एक साथ ऑपरेट करता है। ये नंबर हरियाणा का होना पता चला है। इस नंबर के आधार पर पुलिस इनके साथी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। संभवना है कि जल्द ही टीम इसके लिए हरियाणा भी जाएगी। वहीं पुलिस को कुछ बैंक खातों के बारे में भी जानकारी मिली है, जिनकी डिटेल निकाली जा रही है। दरअसल, 28 जनवरी को सचिन गुप्ता नामक एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी की शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आशीष पवार, गणेश, वैवेध्य सिरोंजा, रश्मि रंजन और विशाल चौहान को गिरफ्तार किया था। सचिन ने पुलिस को बताया था कि उसने फेसबुक पर इन्वेंस्टमेंट टिप्स का एड देखा था। लिंक ओपन करने पर उसे वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया। बदमाशों ने उसे झांसा देकर एक एप्लिकेशन भी डाउनलोड करा दी। बदमाशों ने सचिन से बड़ी कंपनी के नामसे लाट बुक करवाए और लाखों रुपए इन्वेंस्ट करा दिए। इधर, सचिन को एप पर उसके एन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट 4 करोड़ रुपए नजर आने लगा। जब उन्होंने पैसे विड्राल करने की कोशिश की तो पता चला कि उनके साथ फ्रॉड हो गया है।

# राहुल बनकर अब्दुल ने की युवती से दोस्ती फिर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने 19 वर्षीय छात्रा से अपना धर्म और पहचान छुपाकर दोस्ती की। उसने खुद का नाम राहुल बताया और युवती से नजदीकी बढ़ाई। इसके बाद उसने शादी का प्रस्ताव रखा और शारीरिक संबंध भी बनाने लगा। बाद में उसने खुद का नाम अब्दुल अजीज पठान बताया और कहा कि शादी से पहले धर्म बदलना होगा। आरोपी के पास युवती के अश्लील फोटो भी थे। वह उन्हें वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती एक कॉलेज की छात्रा है और वह कनाड़िया क्षेत्र में किराए के मकान में रहती है। अब्दुल से युवती की पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी। पिछले साल युवक ने जून माह में उसे अपने घर बुलाया। तब घर में कोई नहीं था। उसने युवती से शारीरिक संबंध बना लिए। बाद में युवती को पता चला कि युवक राहुल नहीं बल्कि अब्दुल है। इसके बाद युवती ने युवक से बातचीत बंद कर दी, लेकिन अब्दुल युवती पर शादी करने का दबाव बनाने लगा और यह भी कहा कि उसे धर्म भी बदलना होगा। इसके बाद युवती छिंदवाड़ा चली गई, लेकिन अब्दुल उसे फोन पर परेशान करने लगा और वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। परेशान होकर युवती ने पहले अपने माता-पिता को मामले की जानकारी दी। फिर परिवार के लोग करणी सेना के पदाधिकारियों से मिले। पदाधिकारियों के साथ युवती ने इंदौर के थाने में जाकर अब्दुल की शिकायत कर दी। पुलिस ने लव जिहाद का केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।








स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक